# रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज

(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई)

AISHE-C-12846

1st Cycle Naac Accredited Grade - C with CGPA-1.79

चौकशिकारपुर, पटना सिटी, पटना-800009

Email : info@rmpcollegepatna.ac.in

Website : www.rpmcollegepatna.ac.in

Phone No. : 0612-2641451



प्रो० (डॉ०) पूनम
प्राचार्या
रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज
चौकशिकारपुर, पटना सिटी



प्रो० ( डॉ० ) उपेन्द्र प्रसाद सिंह
कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

## COLLEGE NEWS BULLETIN

वर्ष : 2025 | अंक : 8 | जुलाई-सितम्बर, 2025 | मूल्य : नि:शुल्क

## VISION

The long term vision of our college is encapsulated in the following statement-

1. To be center of excellence in higher education with an innovative teaching, learning research activities to cater to the academic needs of the students by providing qualitative education making themself sufficient in life.
2. To provide modern education to promote academic excellence with an ethical dimension and inculcate values in the young girl students, enhancing their quality of life.
3. Our main moto is to educate enable and empower young women for promoting gender equality, social justice and enhancing their quality of life and transforming them into responsible citizen with a commitment towards serving humanity.

## MISSION

1. To impart holistic quality education to girl students of unprivileged cross section of society, and empower them with knowledge, skill and competence and make them self-reliant and socially committed citizens of the country.
2. To create a learning ambience in the College, where research and scholarship flourishes.
3. To provide updated knowledge and skill to the girl students to enable them compete in this highly competitive globalized world.
4. To develop overall personality of the girl students to enable them face the fast changing times with dynamism and confidence.
5. To promote art and culture in the College by regularly organizing such events in the campus and by inviting famous experts to inspire the students.
6. To campaign against environmental pollution and to provide best possible protection to all the College members from all kinds of pollution in the campus.
7. The best possible ancient and modern tools and technique of teaching learning should be used to provide updated knowledge and skills, in the globalised world to the girl student of this college who comes from far flung and remote areas.
8. To enable the students to explore the locally available economic resources for their employment and providing support to the society.



## प्राचार्या ने किया कुलपति का स्वागत

दिनांक 04/07/2025 को आर० पी० एम० कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने नव नियुक्त पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति का स्वागत पुष्पगुच्छ के साथ किया।




इनर व्हील पटना सिटी क्लब द्वारा प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम को 'शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया।

## महाविद्यालय की विशेषताएँ

- व्यवसायिक कोर्स BBA, BCA, BLIS एवं MLIS की पढ़ाई
- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- एकेडमिक कलैन्डर
- ऑनलाइन नामांकन
- ऑनलाइन परीक्षा संबंधी कार्य
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ड्रेस कोड
- सोलर ऊर्जा
- रेनवाटर हारवेस्टिग प्लांट
- E-वेस्ट मेनेजमेंट
- नियमित एन. एस. एस. सक्रियता
- अनुशासित कार्यालय संपादन
- डाइनेमिक वेबसाइट
- नियमित खेलकूद सक्रियता
- नियमित शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन
- रैम्प की सुविधा
- पूछताछ काउन्टर
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- न्यूज बुलेटिन का नियमित प्रकाशन
- Wi-fi कैम्पस
- सी.सी.टी.वी कैमरा
- पीयर टिचिंग सेल
- हेल्थ सेन्टर
- कैंटीन
- ग्रीन आर्मी
- नि:शुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग
- नि:शुल्क योगा ट्रेनिंग
- नि:शुल्क हेल्थ चेक-अप
- नि:शुल्क जूडो/कराटे ट्रेनिंग
- नि:शुल्क आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग
- नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर
- छात्र दरबार
- हर्बल गार्डेन
- एंटी रैगिंग सेल

रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय
पटना सिटी
तमसो मा ज्योतिर्गमय

**संरक्षक**
**प्रो0 ( डॉ0 ) पूनम**
प्राचार्या

**संपादक**
**डॉ0 रजिया नसरीन**
अध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग

**सह संपादक**
**डॉ0 अंजु जैन**
अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग

**संपादक मंडल**
**डॉ० प्रीति कुमारी**
असि० प्रो०, प्राचीन इतिहास एवं एशियाई अध्ययन

**डॉ० प्रकाश दास**
असि० प्रो०, दर्शनशास्त्र

**डॉ० पूनम कुमारी**
असि० प्रो०, गणित

# प्राचार्य की कलम से................



देश के विकास में आधी आबादी यानी महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महिलाओं को शक्तिशाली बनाने में, शिक्षा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज नारी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है। पूर्वी पटना का यह एक महत्त्वपूर्ण महिला कॉलेज है जहाँ बख्तियारपुर तक से छात्रा पढ़ने आती है। यह महाविद्यालय पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का एक अंगीभूत इकाई है तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अपना एक अहम स्थान रखता है। महाविद्यालय अपनी स्थापना के उपरांत लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है तथा अपनी परिधि को बढ़ाता जा रहा है, जिनके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अलावे अनेक व्यावसायिक एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम महाविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे हैं।

महाविद्यालय 18 विषयों में इंटर से स्नातकोत्तर स्तर तक कला एवं विज्ञान के अध्ययन अध्यापन का मंच प्रदान करता है। यहाँ BBA, BCA एवं BLIS व्यावसायिक कोर्स की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। नालन्दा आपने विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र भी महाविद्यालय में है जिससे पूर्वी पटना के छात्र–छात्राओं को लगभग 100 विषयों में Distance Education mode में अध्ययन करने की सुविधा मिल रही है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में 28 शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं 20 स्थायी एवं आउटसोर्सिंग शिक्षिकेतर कर्मचारीगण कार्यरत है।

11 सितम्बर 2023 को दूसरी बार रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज में प्राचार्या के रूप में मैंने यहाँ का कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय में योगदान के उपरांत महाविद्यालय का तेजी से विकास करने का मैंने दृढ़ संकल्प लिया और इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया।

तेजी से विकास के लिए समुचित सिस्टम को विकसित करने बुनियादी सुविधाओं को अविलंब बहाल करने, शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने एवं अनुशासन इत्यादि पर सर्वाधिक बल दिया परिणामस्वरूप महाविद्यालय के न सिर्फ भौतिक स्वरूप में बदलाव आने लगा बल्कि लगातार विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं आयोजन के कारण छात्राओं एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन हुआ एवं महाविद्यालय न सिर्फ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में बल्कि पूरे राज्य में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाता जा रहा है। मुझे यह लिखते हुए खुशी एवं गर्व महसूस हो रहा कि कठिन मेहनत एवं सतत प्रयास से दिसम्बर 2024 में महाविद्यालय का नैक से प्रत्यायन भी हो गया है। जिसमें सीमित साधनों एवं बहुत कम शिक्षक रहते हुए महाविद्यालय ने नैक से 'C' ग्रेड CGPA-1.79 प्राप्त किया। महाविद्यालय को विकास के स्वर्णिम ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए मैं संकल्पित हूँ। महाविद्यालय में साधन सीमित है, ढेरों बाधाएँ है लेकिन आगे बढ़ते जाना ही ध्येय है, क्योंकि **'मंजिलें उन्हें मिलीं जिनके सपनों में जान है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान है।'**

**प्रो० (डॉ०) पूनम**
**प्राचार्या**

## महाविद्यालय के पदाधिकारीगण


**Dr. Razia Nasrin**
IQAC Co-ordinator


**Dr. Anju Jain**
Bursar


**Dr. Sushma**
Proctor


**Dr. Jayanti Rani**
NSS Program Officer


**Dr. Pawan kumar**
Admission In-charge


**Dr Punam Kumari**
Sports in Charge


**Dr. Prakash Das**
Co-ordinator Job Placement Cell

# Academic & Co-Curricular Activities in Our College






| Date | Programme | Organizing Department |
|---|---|---|
| 04–07–2025 | प्राचार्या द्वारा कुलपति का स्वागत | N.S.S. |
| 08–07–2025 | चन्द्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के द्वारा छात्राओं का चयन | Job Placement Cell |
| 10–07–2025 | शैलचित्र एवं पुरातत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में सहभागिता | AHC&A Department |
| 18–07–2025 | Quiz Competition | N.S.S. |
| 23–07–2025 | 2025–2029 छात्रों का Induction Meet | IQAC Cell |
| 29–07–2025 | मेहंदी प्रतियोगिता | सांस्कृतिक विभाग |
| 30–07–2025 | सावन महोत्सव एवं फ्रेशर्स–डे | सांस्कृतिक विभाग |
| 31–07–2025 | ऑनलाइन वेबिनार | IQAC Cell |
| 31–07–2025 | मेगा जॉब फेयर में भागीदारी | Job Placement Cell & IQAC |
| 06–08–2025 | इन्डोर गेम | क्रीड़ा विभाग |
| 15–08–2025 | स्वतंत्रता दिवस समारोह | सांस्कृतिक विभाग |
| 15–08–2025 | तिरंगा रैली कार्यक्रम | N.S.S. |
| 18–08–2025 | सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम | Job Placement Cell & IQAC |
| 22–08–2025 | ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छात्राओं की प्रतियोगिता | क्रीडा विभाग |
| 06–09–2025 | प्राचार्या को शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 | इनर व्हील क्लब पटना |
| 08–09–2025 | शिक्षक दिवस कार्यक्रम | दर्शनशास्त्र एवं उर्दू विभाग |
| 16–09–2025 | शिक्षक सम्मान कार्यक्रम | गृहविज्ञान एवं हिन्दी विभाग |
| 22–09–2025 | रेडक्रॉस सोसाइटी की छात्राओं द्वारा महामहिम का स्वागत | रेडक्रॉस सोसाइटी |
| 24–09–2025 | स्वच्छता अभियान | N.S.S |














## महाविद्यालय की छात्राओं का चयन चन्द्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के द्वारा

दिनांक 08/07/25 को आर०पी०एम० कॉलेज की 30 छात्राओं का चयन चन्द्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के द्वारा किया गया। छात्राओं का चयन मैनेजमेंट के द्वारा बिहार सरकार के व्यावसायिक पाठयक्रम, मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजना के लिए किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.(डॉ.) पूनम ने किया । प्राचार्या ने छात्राओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहित किया तथा बताया कि बिहार सरकार की कल्याणकारी योजना में छात्राओं को भाग लेना चाहिए। यह कार्यक्रम जॉब प्लेसमेंट सेल के अंर्तगत आयोजित किया गया । मंच संचालन डॉ. प्रकाश के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. राणा सिंह थे। साथ ही डॉ. संतोष कुमार, सुनील कुमार, कुमुद कुमार, विभाष कुमार भी उपस्थित रहे।




## शैलचित्र एवं पुरातत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में सहभागी बना प्राचीन इतिहास विभाग

दिनांक 10/07/25 को आर०पी०एम० कॉलेज के प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के शिक्षक डॉ. मनोज कुमार एवं डॉ. प्रीति कुमारी एवं छात्राओं को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार **"भारत के शैलचित्र एवं पुरातत्व"** विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी में भाग लेने हेतु भेजा। प्राचार्या ने छात्राओं को शैलचित्र एवं पुरातत्व के विषय में भी जानकारी दी तथा छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया। राष्ट्रीय सेमिनार में शिक्षक एवं छात्राओं ने खुशी–खुशी भाग लिये।




## महाविद्यालय छात्राओं की प्रश्नोत्तरी प्रतियोतिगा में भागीदारी

दिनांक 18/07/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज की छात्राओं ने भारत सरकार की ओर से आयोजित अन्वेशा 2.0 में भाग लिया। अन्वेशा द्वारा आयोजित कार्यक्रम Nationwide Quiz Contest on official statistics कार्यक्रम में छात्रा स्नेहा शुक्ला एवं स्नेहा श्रीवास्तव ने भाग ली। यह कार्यक्रम N.S.S पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्या के निर्देशन में सफल रहा।




## नव प्रवेशित छात्राओं के लिए आयोजित इंडक्शन मीट कार्यक्रम का आयोजन




दिनांक 23/07/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज में नव प्रवेशित स्नातक छात्राओं (सत्र 2025–2029) के लिए इंडक्शन मीट कार्यक्रम का आयोजन IQAC सेल के तहत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्राओं को महाविद्यालय के वातावरण, नियम, शैक्षणिक पद्धति एवं सुविधाओं से अवगत कराना होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्या ने नवीन छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत किया तथा छात्राओं को यह समझाया के महाविद्यालय केवल डिग्री प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों का केन्द्र होता है। प्राचार्या ने छात्राओं को सीख दी कि जीवन में डिसीपिलीन, डेडिकेशन और डेस्टिनेशन होना जरूरी है। तभी छात्राओं को जीवन में सफलता मिलेगी । कार्यक्रम का संचालन IQAC को–ऑडिनेटर डॉ. रजिया नसरीन एवं डॉ. अंजू जैन के द्वारा किया गया। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रकाश दास के द्वारा किया गया।

# महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 29/07/25 को आर.पी.एम. कॉलेज में छात्राओं ने शिक्षकों के हाथों पर हिना सजाया तथा अपनी अन्दर छुपी प्रतिभा को सामने लाया । इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक विभाग की को–ऑडडनेटर डॉ. अंजू जैन एवं डॉ. रजिया नसरीन के द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो.(डॉ.) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्राएं में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से अवगत होती है। इसके साथ ही छात्राओं में आत्मविश्वास भी पढ़ता है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रीति प्रिया ने प्राप्त की। द्वितीय स्थान भारती कुमारी, माही कुमारी एवं मुस्कान कुमारी ने प्राप्त की । वही तृतीय स्थान पर विशाखा कुमारी, जूली कुमारी, अंजली कुमारी एवं वैष्णवी कुमारी रही।






# आर० पी० एम० कॉलेज में सावन महोत्सव एवं फ्रेशर्स–डे का आयोजन किया गया

दिनांक 30/07/2025 को आर०पी०एम० कॉलेज में सावन माह के अवसर पर 'सावन महोत्सव' सह फ्रेशर्स – डे का आयोजन किया गया। आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक विभाग की समन्वयक डॉ0 अंजू जैन व डॉ0 रजिया नसरीन की अगुवाई में की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय कि प्राचार्या प्रो० (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने अपने संबोधन मे बताया कि सावन में शिव की उपासना का विशेष महत्व है। प्राचार्या ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह कि प्रतियोगिता में छात्राओं को भाग लेना चाहिए क्योकि उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। इस अवसर पर छात्राओं ने पारम्परिक परिधानों में सज– धज कर रैम्प–वॉक भी की। जिसमें प्रथम स्थान भारती कुमारी, दुसरा स्थान खुशी कुमारी तथा तीसरा स्थान वैश्णवी कुमारी को मिला। इसके अतिरिक्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए भी मिस्टर सावन एवं मिसेज सावन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 अमोल कुमार, डॉ0 प्रकाश दास एवं डॉ0 पवन कुमार मिस्टर सावन रहें। वही मिसेज सावन डॉ0 पूनम, डॉ0 सुशीला एवं डॉ0 प्रियंका रही साथ ही इस महाविद्यालय से अन्य महाविद्यालय में जाने वाले शिक्षको में डॉ0 सीमा, डॉ0 ईना, डॉ0 मिनु मिंज, डॉ0 नीना एवं डॉ0 सत्येंद्र को विदाई भी दी गई।





## महाविद्यालय में STEP ऑनलाइन वेबिनार कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 31/07/2025 को आर.पी.एम कॉलेज में Support to Training and Employment Programme for women (STEP) ऑनलाइन वेबिनार कार्यक्रम आयोजित की गई। यह कार्यक्रम IQAC सेल के सौजन्य से आयोजित की गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पूनम की अगुवाई में की गई। यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार परक योजना का सर्मथन करता है। इस योजना में देश भर में 16 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं को लक्षित करती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए रोजगार और उधमिता संबंधित कौशल प्रदान करती है। इस कार्यक्रम में शिक्षकों तथा छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग ली।

## महाविद्यालय की छात्राओं की मेगा जॉब फेयर में भागीदारी

दिनांक 31/07/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज की छात्राओं ने मेगा अप्रेंटिसषिप सह जॉब फेयर में भाग ली। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई थी। कार्यक्रम मेगा जॉब फेयर ज्ञान भवन पटना गॉधी मैदान में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में छात्राओं की भागीदारी महाविद्यालय के जॉब प्लेसमेंट सेल के को–ऑडिनेटर डॉ. प्रकाश दास एवं IQAC सेल को–ऑडिनेटर डॉ. रजिया नसरीन एवं डॉ. अंजू जैन के दिशा निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम की अगुवाई में छात्राओं नें उत्साहपूर्वक मेगा जॉब फेयर में भाग ली।

# महाविद्यालय में इन्डोर गेम कार्यक्रम का आयोजन किया गया





दिनांक 06.08.2025 को आर० पी० एम० कॉलेज में इन्डोर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन्डोर में कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय क्रीड़ा विभाग के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना के निदेशक प्रो0 राणा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कैरम बोर्ड और शतरंज की दो प्रमुख स्पर्धा कराई गई। कैरम प्रतियोगिता में निक्की कुमारी, मुस्कान कुमारी एवं खुशी कुमारी जबकि शतरंज में अनिता गिरी, मोहिनी गुप्ता, जूली कुमारी को पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देने के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।

## स्त्रतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन



दिनांक 15/08/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.(डॉ.) पूनम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं राष्ट्रगान हुआ। समारोह का आयोजन महाविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वतंत्रता हमारे देश की सबसे बड़ी उपलब्धि है, और इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी नागरिकों का परम कर्तव्य है। छात्राओं ने देशभक्त गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कमी एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं ।



## महाविद्यालय में तिरंगा रैली कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 15/08/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव मनाने के लिए किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन N.S.S पदाधिकारी डॉ. जयंती रानी ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्राएँ उपस्थित रही।



## आर० पी० एम० कॉलेज में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

दिनांक 18.08.2025 को आर० पी० एम० कॉलेज पटना सिटी में जॉब प्लेसमेंट एवं IQAC के संयुक्त तत्वाधान में नँदी फॉन्डेशन की सहायता से एक सप्ताहिक कोर्स का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम की जानकारी देनी थी। इस सप्ताहिक कार्यक्रम में 40 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता महाविद्यालय कि प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और उनकी स्किल डेवलपमेंट पर होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मृत्युन्जय कुमार (नार्थ ईस्ट तथा ईस्ट जोन के मैनेजर) एवं विशिष्ट अतिथि श्री कुमार संदीप जी रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वीणा कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 प्रकाश दास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।





## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आर० पी० एम० कॉलेज की छात्राओं ने मारी बाजी

दिनांक 22/08/2025 को आर०पी०एम० कॉलेज की छात्राओं ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के द्वारा इंटर कॉलेज ताइक्वांडों प्रतियोगिता का आयोजन (जे.डी. विमेंस कॉलेज पटना के परिसर) में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा बी.पी. कनक ने अंडर 46 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीती एवं सनाया कुमारी ने अंडर 66 किलोग्राम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेंडल प्राप्त की। छात्राओं कि सफलता पर प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को बधाई दी तथा प्राचार्या ने बताया कि पूरे कॉलेज परिवार गर्व महसूस कर रहा हैं। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 पूनम कुमारी, कोच डॉ० रमन कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई एवं आर्शीवाद दिये।





## शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 अवार्ड से नवाजी गई प्रो० (डॉ०) प्राचार्या पूनम

दिनांक 06/09/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम को मिला ''शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025'' का अवार्ड। शिक्षक सम्मान पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन इनर व्हील क्लब पटना सिटी शाखा हाजीगंज स्थित गोप सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखाध्यक्ष रीता रस्तोगी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डी.एस.पी. डॉ. गौरव कुमार, वरिष्ठ पत्रकार कुमार दिनेश एवं शिक्षाविद् मोहन चतुर्वेदी थे। प्रो. (डॉ.) पूनम एक कुशल प्रशासक के साथ–साथ एक सुयोग्य शिक्षिका भी है। उक्त पुरस्कार इनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को आभूषित करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी ने प्राचार्या को बहुत–बहुत बधाई एवं साधुवाद दिए।




## महाविद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 08/09/2025 को आर०पी०एम० कॉलेज में दर्शनशास्त्र विभाग एवं उर्दू विभाग की ओर से शिक्षक दिवस मनाया गया। तथा इस अवसर पर समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय कि प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम के द्वारा की गई। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा डिग्री तक ही सीमित नही है बल्की यह जीवन का उद्देश्य पूर्ण और समाज के लिए उपयोगी बनाने का साधन है। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ०) नागेन्द्र मिश्र के मार्गदर्शन में तीन शोधार्थियों ने सभी गुरूजनों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० नागेन्द्र मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० प्रकाश दास के द्वारा किया गया।





## महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित

दिनांक 16/09/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग एवं हिन्दी विभाग की छात्राओं द्वारा शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से गृह विज्ञान विभाग एवं हिन्दी विभाग की छात्राओं के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की समस्त छात्राओं ने महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों के प्रति अभार व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय कि प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम ने छात्राओं को संबोधित किया तथा छात्राएँ अपने जीवन में हमेशा प्रगति के पथ पर चले यह सीख एवं आर्शीवाद दी। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन प्रांजली कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन रानी कुमारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहें।




## महाविद्यालय की रेडक्रॉस सोसाइटी की छात्राओं ने किया महामहिम का स्वागत




दिनांक 22/09/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज पटना सिटी के महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से पटना सिटी स्थित मंगल तालाब में आयोजित आधुनिक बल्ड बैंक के द्वितीय तल के शिलान्यास समारोह में महाविद्यालय के 26 छात्राओं ने भाग लिया। शिलान्यास महामहिम राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री नन्दकिशोर यादव, रेडक्रॉस सोसाइटी पटना सिटी शाखा के अध्यक्ष श्री गोविन्द कानोडिया, सचिव श्रीमति तारा झुनझुनवाला, महापौर श्रीमति सीता साहु इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय की रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजक डॉ. वीणा कुमारी के साथ डॉ० प्रीति कुमारी ने भी भाग लिया।

## आर० पी० एम० की छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

दिनांक 24/09/2025 को आर.पी.एम. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर N.S.S पदाधिकारी डॉ० जयंती रानी ने छात्राओं के साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह स्वच्छता अभियान महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम के देख–रेख में सम्पन्न किया गया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में बेगमपुर मोहल्ला एवं मंगल तालाब परिसर में छात्राओं ने झाडू लगाकर तथा साफ–सफाई करते हुए स्वच्छता कार्यक्रम अभियान को सफल बनाया।

